# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## गाड़ी को ओवरटेक करने का प्रयास करते समय टेंपो से टकराई बाईक, पुलिस जांच में जुटी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के पिलाना भट्टा व ढिकौली मार्ग पर बुधवार शाम करीब 5:15 बजे एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की बाइक सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विशाल कुमार पुत्र संजय सिंह, निवासी भौरा खुर्द, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर पिलाना भट्टे की ओर से ढिकौली की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने आगे चल रही एक गाड़ी को ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक करते समय उसकी बाइक सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गई। बाइक सवार की जेब से पुलिस ने आधार कार्ड प्राप्त किया जिसमें उसका नाम ओर पता मालूम चला है।

टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना सिंघावली अहीर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक युगल किशोर ने बताया कि मृतक के परि. जनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## चार संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद, तीन दिन बाद भी न हुई कोई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट कस्बे में रविवार देर रात चार संदिग्ध युवक गलियों में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इस घटना के तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। पुलिस ने मामले की जांच जारी होने और जल्द खुलासे की बात कही है।

यह घटना रविवार रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच दोघट कस्बे की पट्टी शोरा में हुई। सीसीटीवी फुटेज में चारों युवक गली के नुक्कड़ और घरों में झांकते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें से दो युवकों के हाथों में अवैध हथियार भी स्पष्ट दिख रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक संदिग्ध युवक जंगल की ओर गांव से बाहर निकल चुके थे। कुछ ग्रामीणों ने इन युवकों को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला, बल्कि युवकों ने 'शांत रहो' कहकर उन्हें चुप करा दिया। संदिग्ध युवकों के कस्बे में घूमने का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। दोघट थाना प्रभारी सूर्यदीप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

## चोरों ने की पोल्ट्री फार्म से बिजली मोटर चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** निरोजपुर मार्ग पर बने एक पोल्ट्री फार्म से अज्ञात चोर छत के रास्ते कमरे में उतर एक बिजली मोटर चोरी पर ले गये। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी है।

रटौल निवासी हबीब पुत्र अब्दुल सत्तार का निरोजपुर मार्ग पर पोल्ट्री फार्म है। रात्रि अज्ञात चोर वहा पहुंचे और छत के रास्ते उतर वहा रखा मोटर चोरी कर ले गये। सुबह जब पोल्ट्री फार्म पर काम करने वाले कर्मचारियों नें देगा तो हबीब को काल कर सूचना दी। मौकें पर पहुंच पीड़ित ने देखा और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित नें बताया कि लगभग 10 हजार रूपये का नुकसान हुआ है।

## रमाला पुलिस और सर्विलांस टीम ने इनामी गौकश को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी गौकश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अरशद को दिल्ली से पकड़ा गया। उस पर गौवध अधि. नियम के तहत मामला दर्ज था और वह फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक, बागपत ने अरशद की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। इसके बाद रमाला पुलिस और सर्विलांस टीम ने उसकी तलाश तेज की। मुखबिर की सूचना पर टीम ने दिल्ली के सीलमपुर इलाके से उसे धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त अरशद दिल्ली का निवासी है। उस पर बागपत के दोघट थाना में गौवध अधि. नियम के तहत मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। इसी मामले में वह वांछित था और उस पर इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि इनामी गौकश के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## गंदा पानी खेतों और रास्ते में भरा, किसानों की फसल बर्बाद और रास्ता भी टूटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लुहारी गांव में नाला का गंदा पानी खेतों और रास्ते में भर रहा है, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है और रास्ता भी टूट गया है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ा रहा है। साथ ही लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बुधवार को भाकियू के पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की।

उनका कहना था कि गांव से निकलने वाला गंदा पानी नाला से होकर जाता है। पानी अधिक होने के कारण नाला ओवरफ्लो हो गया है। गंदा पानी किसानों के खेतों में खारने से फसल बर्बाद हो रही है। रास्ते में जलभराव होने के कारण खडंजा उखड़ गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मिट्टी डालकर रास्ता बनाया हुआ है। इसी रास्ते पर भूरा देव का देवस्थान भी है।

जहां गांव के अलावा आस-पास के लोगों की आस्था है। दीवाली और होली पर यहां दूर-दराज से पूजा करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते है।

उन्होंने डीएम से किसानों और श्रद्धालुओं की समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर भीम सिंह, सत्येंद्र कुमार, अमर, देवकांत, खुशीराम, बिरेंद्र, सुखदेव, धर्मपाल मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बर्तन विक्रेता हत्याकांड का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर हटाना गांव में हुए बर्तन विक्रेता हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरो. पियों ने शराब पीने के बाद हुए विवाद में बर्तन विक्रेता की ईंट से पीट-पीटकर हत्या की गई थी। यह खुलासा घटना के एक सप्ताह बाद हुआ है।

मृतक बर्तन विक्रेता का नाम शमशाद था, जो मूल रूप से संभल का रहने वाला था। वह बागपत में बर्तन बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शमशाद का शव सुल्तानपुर हटाना गांव के जंगल में मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि 16 फरवरी को शमशाद बर्तन बेचने के बाद लौट रहा था। इसी दौरान उसकी दोनों आरोपियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने शमशाद पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बड़ौत कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने इस मामले में मोहित और चमन नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गांगनौली, थाना दोघट, जनपद बागपत के निवासी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक और एक ईंट बरामद की है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## एक नजर

### स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत का किया गया सामूहिक गान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई प्रथम एवं तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारियों डा.अमृत कुमार गुप्ता एवं डा. अमित नागर के निर्देशन में पवित्र गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं योगाभ्यास के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया, जिससे पूरे शिविर परिसर में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने रामबाग कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई का कार्य संपन्न किया। आज के शिविर की प्रमुख थीम युवाओं में कौशल विकास, जीवन कौशल विकास एवं युवाओं के लिए कौशल उन्नयन के अवसर तथा ह्युवा एवं राष्ट्र निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास रही। स्वयंसेवकों ने इन विषयों पर जागरूकता हेतु आकर्षक चार्ट एवं पम्फलेट तैयार किए। तत्पश्चात पटेल नगर कॉलोनी एवं डूडा कॉलोनी में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा स्थानीय नागरिकों को युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसरों, व्यक्तित्व निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में डा. अनुपम तिवारी ने जीवन कौशल विकास एवं युवाओं के लिए कौशल उन्नयन के अवसर विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए युवाओं को आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक दक्षता के महत्व से अवगत कराया। वहीं डा.सुधीर कुमार ने युवा एवं राष्ट्र निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए युवाओं की राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण, गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पंकज, उज्ज्वल, हर्षित, तनुज आदि स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### जंगल में चोरों ने पांच नलकूपों से चुराया सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमीनगर सराय।** मंगलवार की रात चोरों ने सेडभर गांव निवासी सुमित, राजीव, राजबीर गजेंद्र, आदेश , यामीन के नलकूपों से विद्युत उपकरण सहित अन्य कृषि यंत्र चोरी किए। पीड़ित किसानों ने अज्ञात के खिलाफ सिंघावली अहीर थाने में घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। किसानों के अनुसार देर शाम अपने नलकूप बंद कर घर वापस आ गए थे। बुधवार सुबह खेत पहुंचे राजीव, आदेश गजेंद्र सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनके नलकूपों के ताले टूटे मिले व अन्दर से बिजली के केबल सहित स्टार्टर, कटाउट, सहित अन्य विद्युत उपकरण व नलकूप पर रखे फावड़े, कसौली व अन्य कृषि यंत्र चोरी कर लिए गए। पीड़ित किसानों ने थानापुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी नलकूपों की जांच की। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की। उपनिरीक्षक जुगल किशोर का कहना है कि जल्द चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### वेदज्ञान के शरण में जाने से ही मानव का समग्र विकास संभव:शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बरनावा के महाभारत कालीन ऐतिहासिक लाक्षागृह टीले पर स्थित श्री महानंद संस्कृत विद्यालय गुरुकुल में चल रहे 8 दिवसीय 67 वें विश्व कल्याणार्थ ब्रह्मपारायण चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में चौथे दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। प्रधानाचार्य आचार्य अरविंद कुमार शास्त्री, आचार्य गुरुवचन शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आचार्य अरविंद कुमार शास्त्री ने कहा वेद ज्ञान की शरण में जाने से ही मानव का समग्र विकास हो सकता हैं। उन्होंने कहा युग प्रवर्तक महऋषि दयानंद सरस्वती और श्रंगी ऋषि कृष्णदत्त महाराज का अवतरण नही होता तो समाज में अंधविश्वास और कुरीतियां अभिशाप बनकर फैली होती। ऋषि मुनियों और महापुरुषों ने यज्ञ करके और वैदिक ज्ञान की ज्योति जलाकर समाज से अंधविश्वाश और पाखंड का विनाश किया। राष्ट्रीय वाचस्पति परोपकारिणी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्माचार्य धनकुमार शास्त्री, आचार्य गुरुवचन शास्त्री, आचार्य सौदान शास्त्री, आचार्य देवेंद्र शास्त्री, आचार्य विजय कुमार भाई ने भी वेदोपदेश दिये। यज्ञ में यशोधर्मा, राजपाल, डा.सोमदत्त, चंद्रहास, राहुल, सुबोध आदि श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी।

### काली पट्टी बांधकर किया बोर्ड परीक्षा कार्य, कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा सुविधा न मिलने के विरोध में आंदोलन पर रहे। प्रदेश संगठन के आहवान पर बुधवार को श्री शांति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज छपरौली में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर बोर्ड परीक्षा का कार्य किया और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें राजकीय कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उनका आरोप है कि प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को यह सुविधा प्रदान कर दी गई है, लेकिन शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अब तक इससे वंचित रखा गया है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधा के अभाव में कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार को समानता के आधार पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाना चाहिए। इस संबंध में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शीघ्र शासनादेश जारी करने की मांग करने की बात कही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान भी कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बोर्ड परीक्षा का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया। विरोध करने वालों में ऋषभ, वेदप्रकाश, अरविंद, राजीव, राजू आदि उपस्थित रहे।

## इनकम टैक्स-11 एवं बेनहर-11 के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन



**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल स्थित रंजीत स्टेडियम में इनकम टैक्स-11 व बेनहर-11 के बीच मैत्री टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इनकम टैक्स डिपार्टमेण्ट के मुख्य आयुक्त (प्रिंसिपल कमिष्नर) राधे श्याम आईआरएस, बेन-हर गुरुकुल के प्रबंध निदेषक गुरदित्त सिंह सैहमी, डा॰ योगेन्द्र नाथ मिश्रा व प्रशासक डा॰ परविन्दर सिंह सैहमी व इनकम टैक्स-11 से राजीव सक्सेना, लक्ष्मन सिंह, आरके सिन्हा व पुष्प इंस्टीट्यूट के प्रबंधक एसपीएस संधु मौजूद रहे। मैच में बेनहर-11 ने पहली पारी खेलते हुये 174/9 रनों का लक्ष्य रखा। जिसमें कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुये रमनदीप सिंह ने 59, अमन सिंह ने 31 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरी पारी में इनकम टैक्स-11 155/8 रनों पर ही समाप्त हो गयी, जिसमें राकेश सिंह 49, अरविन्द 28 रनों का शानदार प्रदर्षन किया। मैच में मैन ऑफ दी मैच रमनदीप सिंह (बेनहर-11), मैन ऑफ दी बॉलर सी.पी. यादव (इनकम टैक्स-11), मैन ऑफ दी सीरीज़ रमनदीप सिंह (बेनहर-11) एवं बेस्ट फील्डर का खिताब गौरव अरोड़ा (बेनहर-11) को दिया गया। इनकम टैक्स-11 की टीम से राकेश सिंह, अरुण जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, रणधीर सिंह, कुलदीप गंगवार, कुलदीप राठौर, अरविन्द, फूलसिंह, अर्जुन मीणा, योगेष पाल, सी.पी. यादव, अनूप भारद्वाज, कुलदीप शुक्ला व नरेश मीणा का सराहनीय प्रदर्षन रहा।

बेनहर-11 की टीम से गौरव अरोड़ा, आषीष महाजन, गुरस. वक सिंह, रमनदीप सिंह, अमन सिंह, रवि गुप्ता, त्रिलोक चन्द्र वर्मा, जयदीप, राजेन्द्र, अविरल सैनी, जपनीत, इरशाद अहमद व मनोज भास्कर सहित सभी का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित



**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी, मथुरा के निर्देशानुसार आगामी त्योहार होलीध्रंगोत्सव पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं आने वाले श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह एवं रीना शर्मा द्वारा धर्मपुरा स्थित हरेश की डेयरी से खोए और मिश्रित दूध का एक-एक नमूना तथा ओल स्थित महेश और ब्रजेश की डेयरियों से क्रमशः खोया व घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश द्वारा मानसी गंगा फूड प्रोडक्ट्स, गोविंद नगर मथुरा से पिज्जा पास्ता सॉस और टोमैटो केचअप के नमूने लिए गए। उक्त संग्रहित सभी छह खाद्य नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये।

## दो दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का होगा आयोजन

**पीलीभीत।** संस्कृति-पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन, पीलीभीत के संयुक्त तत्वाधान में 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026' के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में 27 एवं 28 फरवरी 2026 को सायं 4 बजे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उप्र शासन संजय सिंह गंगवार जी द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। यह आयोजन 16 से 28 फरवरी 2026 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित महोत्सव श्रृंखला का महत्वपूर्ण भाग है, जिसका उद्देश्य भारत एवं नेपाल के मध्य सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करना है। दिनांक 27.02.2026 को लोक एवं पारंपारिक विधाओं की विविध लोक गायन, नुक्कड, चकरी नृत्य, भजन, थारू लोक नृत्य व नेपाली कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। देश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकार अपनी कला से भारत-नेपाल की साझा विरास्त को मंच पर जीवंत किया जायेगा। दिनांक 28.02.2026 को बमलहरी, लोक गायन, शास्त्रीय गायन, अवधी लोक नृत्य, कठपुतली, सात्विक बैण्ड, चकरी, सांस्कृतिक बैंड प्रस्तुति एवं नेपाली कलाकारों को विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की जायेगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विविधता एवं आत्मीय संबधों का सुंदर समन्वय दर्शाया जाएगा।

## तीन शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना करेली जनपद पीलीभीत पुलिस टीम द्वारा 3 शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरों को 7 लूटे हुये कुण्डल (पीलीधातु) 15200 रुपये नकद व लूट में प्रयुक्त 3 मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना करेली पुलिस टीम द्वारा 3 शातिर लुटेरे, कय्यूम उर्फ झब्बू पुत्र अय्यूब खां निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना क्योलड़िया जिला बरेली हाल निवासी मोहल्ला सराय मस्जिद के पास कस्बा व थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत उम्र 45 वर्ष, श्याम उर्फ श्यामू पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पिपरिया संजरपुर थाना दियोरिया कलां जनपद पीलीभीत उम्र 25 वर्ष व रामू उर्फ रामचन्द्र पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पिपरिया संजरपुर थाना दियोरिया कलां जनपद पीलीभीत उम्र 25 वर्ष को लूटी गयी सम्पत्ति 7 कुण्डल, 3 मोबाइल 15200 रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त 3 मोटर साइकिल सहित लदपुरा गांव की ओर जाने वाली सड़क पर भदेगकंजा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# हापुड़ में गिरफ्तारी का तेज हुआ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। कलानिधि नैथानी, डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा फरवरी 2026 में घोषित इनाम सूची में हापुड़ जनपद के पांच शातिर अपराधियों पर 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है। ये सभी आरोपी डकैती, दहेज हत्या और गैंगस्टर जैसे गंभीर मामलों में वांछित बताए गए हैं।



डीआईजी के अनुसार रोहित पुत्र विजयपाल डकैती के मामले में फरार है, जबकि जीशान पुत्र इस्लाम दहेज हत्या के आरोप में वांछित चल रहा है। वहीं इस्तेकार उर्फ इस्तकार पुत्र काबली खां डकैती के मामले में वांछित है। नईम पुत्र मोबीन और बल्लू पुत्र छत्तर गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार बताए गए हैं। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। डीआईजी का कहना है कि फरार अपराधियों की गतिविधियों पर तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और अंतरजनपदीय समन्वय के माध्यम से पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध ठिकानों, रिश्तेदारों और संपर्क सूत्रों की गहन जांच की जा रही है, ताकि शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने कहा गंभीर अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनाम घोषित कर पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है। आमजन के सहयोग और सघन कार्रवाई से जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। डीआईजी ने आमजन से अपील की है कि वांछित अपराधियों के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# त्योहार से पहले खाद्य विभाग का छापा, मिलावटी कचरी और गंदगी में बनती सिवइयां पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद हापुड़ में होली से पहले खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गढ़ कोतवाली क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में मिलावटी खाद्य सामग्री बरामद की। टीम ने करीब 12 कुंतल रंगीन कचरी को सील कर दिया, जिसमें खतरनाक केमिकल रंग का इस्तेमाल किया जा रहा था।



खाद्य विभाग अधिकारियों के अनुसार छापेमारी के दौरान कचरी में इड़ाकोल जैसे हानिकारक रंग के उपयोग की पुष्टि होने पर तत्काल कार्रवाई की गई। बरामद सामग्री को जब्त कर जांच के लिए नमूने भेजे गए हैं। प्रशासन का कहना है कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरों पर विशेष नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसी अभियान के तहत टीम ने गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित एक मकान पर छापा मारकर गंदगी में बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही सिवइयां पकड़ीं। जांच के दौरान साफ-सफाई के मानकों की अनदेखी पाई गई। मकान में अस्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे थे, जिसे टीम ने गंभीर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। खाद्य विभाग अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जनपद में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध प्रतिष्ठानों और अवैध निर्माण इकाइयों की जांच कर मिलावटी व अस्वच्छ खाद्य सामग्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप, विवादित फिल्म पर बैन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, उ.प्र. के जिलाध्यक्ष अम्बरीष यादव और कार्यकर्ताओं के द्वारा जनपद हापुड़ से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में प्रस्तावित फिल्म यादव की लव स्टोरी पर तत्काल रोक लगाने और फिल्म से जुड़े निर्माताओं व कलाकारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई है। अम्बरीष यादव का कहना है कि फिल्म में एक विशेष जाति को प्रेम प्रसंग से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म के निर्माण और कथानक की जानकारी सामने आई है। इसमें किसी विशेष जाति का उल्लेख कर उसे अन्य धर्म से जोड़कर कहानी प्रस्तुत करना आपत्तिजनक बताया गया है। अम्बरीष यादव ने आरोप लगाया कि ऐसे प्रयास प्रदेश के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकते हैं और सामाजिक तनाव पैदा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री से अपील की है कि फिल्म की रिलीज से पूर्व ही इसकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित निर्माताओं और कलाकारों के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की मांग भी रखी गई है। आनंद गुर्जर ने कहा कि समाज में सद्भाव बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और विवादित सामग्री के प्रसार पर समय रहते रोक लगाना आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप कर मामले का समाधान निकालने की अपील की है। ज्ञापन को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय को संबोधित किया गया है।



# पिलखुवा में गरजा बुलडोजर, बस स्टैंड गांधी बाजार से अतिक्रमण साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जनपद हापुड़ के पिलखुवा में नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार दोपहर व्यापक अभियान चलाया। बस स्टैंड और गांधी बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों व सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने मौके पर ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।



नगर क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण के कारण जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आमजन और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने चिन्हित स्थलों पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की।

अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक मार्गों और बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त कर सुचारु यातायात सुनिश्चित करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। नगर पालिका के योगेंद्रपाल सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणकारियों को तत्काल प्रभाव से कब्जा हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई को शांतिपूर्ण और प्रभावी बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग लिया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान पुलिस बल के साथ तैनात रहे। नगरपालिका अधिकारी योगेंद्रपाल सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण के कारण शहर में जाम और अव्यवस्था बढ़ रही थी, जिसे समाप्त करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में व्यवस्था बहाल होती नजर आई। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि शहर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# कानून-व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले 12 ग्राम प्रहरियों को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 12 ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को पुलिस कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी ग्राम प्रहरियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने और पुलिस व जनता के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी सतर्कता और सक्रियता से कई घटनाओं की समय रहते जानकारी मिलती है, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है। सम्मान समारोह के दौरान एसपी ने बताया कि चयनित ग्राम प्रहरियों ने अपने-अपने थानाक्षेत्र में सूचना संकलन, अपराध की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पुलिस प्रशासन ने उनके कार्यों को अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक बताया।



एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी सम्मानित ग्राम प्रहरियों को भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस और ग्रामीण तंत्र का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि उत्कृष्ट कार्य करने वालों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

# सरकारी अधिकारी की संदिग्ध मौत, नाव से मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र स्थित ब्रजघाट पर बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गंगा किनारे खड़ी एक नाव में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सरकारी प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग में तैनात संयुक्त निदेशक 55 वर्षीय बच्चू सिंह के रूप में हुई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह टहलने आए लोगों और नाविकों ने नाव में पड़े व्यक्ति को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के तहत सीपीआर देने का प्रयास किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि बच्चू सिंह मूल रूप से अलीगढ़ जिले के निवासी थे और उनकी तैनाती रामपुर में निदेशालय एवं मुद्रणालय से संबंधित विभाग में संयुक्त निदेशक पद पर थी। सूचना मिलने पर परिजन भी ब्रजघाट पहुंच गए। परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे घर से किसी कार्य के लिए निकले थे, लेकिन ब्रजघाट कैसे पहुंचे, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पुलिस और ब्रजघाट चौकी संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी, एक पुत्र और एक विवाहित पुत्री है। उनकी पत्नी पुत्र के साथ प्रयागराज में रहती हैं, जबकि पुत्री की शादी अलीगढ़ में हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### निर्माणाधीन जिला कारागार सप्लाई घोटाला, सप्लाई घोटाले के तीन आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में निर्माणाधीन जिला कारागार में सामग्री सप्लाई के दौरान कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना हाफिजपुर पुलिस ने आरोपितों को रामपुर अंडरपास के नीचे से दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपितों ने एक निजी कंपनी के साथ सप्लाई से जुड़े दस्तावेजों में हेरफेर कर आर्थिक लाभ लेने का प्रयास किया था। मामले में दर्ज मुकदमे में नामजद तीनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपितों में लोकेन्द्र सिंह पुत्र भोले सिंह निवासी ग्राम बछलौता थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़, राम सिंह पुत्र लखपत सिंह निवासी ग्राम सोही थाना पहासु जनपद बुलन्दशहर तथा अमर सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम घुघराला की मढ़ैया थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ शामिल हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में धोखाधड़ी से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। आरोपितों से पूछताछ के आधार पर अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

### नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी व्यक्ति ने गांव निवासी नौ नामजद समेत दस लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज की भी जांच की है।

गांव निवासी अमीर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि 24 फरवरी को समय लगभग 1.30 बजे उसके गांव में घर के पास अनवर के जन सेवा केंद्र के सामने बिलाल और कैफ निवासी अठसैनी गाली गलौच करते हुए शोर शराबा कर रहे थे। अनवर ने उन लोगो से ऐसा न करने के लिये कहा तो दोनों लोग व इनके परिवार के लोगो ने अनवर व समद और शाबाज के साथ लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी। जिससे मौके पर शमद, शाबाज व नदीम के चोटे आई है। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उनके साथ भी मौके पर बतमीजी की। उन्होंने बताया कि उस विवाद के बाद गांव में स्थित अपने क्लेसर पर जा रहे थे। तभी रास्ते में इसरार जन सेवा केंद्र के सामने एक काले रंग की स्कोर्पियो कार में घात बलाये बैठे सोनू , शहजाद, शोएब, मोहसीन, मुजाहिद व कुछ अजात लोगो ने उनका का रास्ता रोककर उनके साथ गाली गलोच करते हुए बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने उसको और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज की जांच कराई जा रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### नए नियमों से रजिस्ट्रार कार्यालय में हो रही है परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रजिस्ट्रार कार्यालय में लागू किए गए नए नियमों के चलते बैनामा रजिस्ट्रेशन कार्य की रफ्तार धीमी पड़ गई है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ अधिवक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड का ऑनलाइन सत्यापन और अंगूठे के स्कैन की लंबी प्रक्रिया के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं।

अधिवक्ता अर्जुन शर्मा ने बताया कि पहले जहां बैनामा प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो जाती थी, वहीं अब तकनीकी जांच में अधिक समय लगने से कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोजाना करीब 60 लोग बैनामा कराने पहुंचते हैं, लेकिन सिस्टम की धीमी गति के कारण केवल लगभग 40 बैनामे ही हो पा रहे हैं, जबकि करीब 20 लोगों को निराश होकर अगले दिन फिर से आना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा और दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अधिवक्ता अर्जुन शर्मा ने प्रशासन से व्यवस्था में सुधार तथा अतिरिक्त तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आई-स्कैनर मशीन लगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। मशीन शुरू होने के बाद पहचान सत्यापन की प्रक्रिया तेज होगी और बैनामा कार्य में आ रही दिक्कतें काफी हद तक दूर हो जाएंगी।

# खून से सनी मिली छात्रा, हमले की कहानी निकली झूठी, सामने आई प्रेम प्रसंग की सच्चाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में एक स्कूल के पीछे 21 वर्षीय छात्रा के खून से सने हाल में मिलने से मंगलवार को इलाके में हड़कंप मच गया।

गांव बनखंडा निवासी छात्रा सुबह करीब साढ़े नौ बजे पढ़ाई के लिए घर से निकली थी। परिजनों के मुताबिक वह नियमित रूप से कुचेसर चौपला स्थित लाइब्रेरी जाती थी और शाम तक लौट आती थी। दोपहर में स्थानीय लोगों ने स्कूल के पीछे सरसों के खेत के पास युवती को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए गढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि छात्रा का पिछले लगभग एक वर्ष से हाफिजपुर क्षेत्र के सादिकपुर गांव निवासी युवक से प्रेम संबंध था। छात्रा ने बताया कि युवक ने परिवार में बड़े भाई की शादी के बाद विवाह का आश्वासन दिया था। लेकिन जल्द शादी को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और युवक ने बातचीत बंद कर दी। इससे छात्रा मानसिक तनाव में आ गई। पुलिस के अनुसार तनाव की स्थिति में छात्रा खेत में पहुंची और धारदार ब्लेड से अपने गले व हाथ पर वार कर लिया। बाद में परिवार के डर से उसने अज्ञात हमलावर द्वारा हमला किए जाने की बात कही थी। पुलिस युवक पक्ष से भी जानकारी जुटा रही है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जीएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर उत्साह और अनुशासन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेखा नागर तथा धर्मेश तोमर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री मोहन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा, विभिन्न जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने अतिथियों का स्वागत पौधा और बुके भेंट कर किया। मार्च पास्ट के बाद मेरठ मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई और खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ कराया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत 50 मीटर बालिका दौड़ से हुई, जिसमें मंडल के विभिन्न जिलों के विजेता छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।



प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। अलग-अलग जिलों से आए व्यायाम शिक्षकों और खेल अनुदेशकों ने मैदान पर रहकर प्रतियोगिताओं का संचालन कराया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन की मेजबानी इस बार जनपद हापुड़ को मिलने पर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सुनियोजित व्यवस्थाओं के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। विधायक धर्मेश तोमर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और अधिकारियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जबकि मंच संचालन शिक्षकों की टीम ने संभाला।

# जिलाध्यक्ष का बड़ा फैसला, कोषाध्यक्ष-उपाध्यक्ष किए पार्टी से निष्कासित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला राजनीति में अनुशासन को लेकर सख्त कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी हापुड़ के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने जिला कोषाध्यक्ष भगीरथ उर्फ भरतलाल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया। संगठन की ओर से जारी आदेश में दोनों नेताओं पर पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाने, संगठनात्मक निर्देशों की अनदेखी करने और पार्टी लाइन के विपरीत गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप लगाया गया है।

जारी सूचना के अनुसार, 26 जनवरी 2026 से दोनों पदाधिकारी लगातार पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रहे थे और जिला कार्यालय में भी उपस्थित नहीं हो रहे थे। संगठन की ओर से कई बार संपर्क करने पर उन्होंने शहर इकाई के नेतृत्व के साथ काम करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि यूजीसी से जुड़े मुद्दे पर भी दोनों ने पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग जाकर सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा संगठन सर्वोपरि है। अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं है। बार-बार समझाने के बावजूद जब दोनों पदाधिकारी संगठनात्मक मर्यादाओं का पालन नहीं कर रहे थे, तब मजबूरन यह कार्रवाई करनी पड़ी। पार्टी की नीति और निर्णयों का सम्मान करना हर पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। जिला नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि निष्कासन के बाद दोनों नेताओं का संगठन से कोई संबंध नहीं रहेगा और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भी भेज दी गई है।



# ब्रजघाट टोल हटाने के मामले में आम आदमी पार्टी का मिला समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर पालिका क्षेत्र से टोल प्लाजा हटाए जाने की मांग अब जिले की सीमाओं से बाहर भी गूंजने लगी है। आगामी 27 फरवरी से प्रस्तावित आमरण अनशन को समर्थन देने के लिए आम आदमी पार्टी के अमरोहा जिला अध्यक्ष चौधरी कुशल कुमार अपने कार्यकर्ताओं के साथ समाजसेवी पंकज लोधी के निवास पर पहुंचे और आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी कुशल कुमार ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में संचालित टोल प्लाजा आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह जनहित का मुद्दा है और आम आदमी पार्टी समाजसेवी पंकज लोधी व उनके साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आंदोलन में समाजसेवी स्वयं को अकेला न समझें, जनता उनके साथ खड़ी है। समाजसेवी पंकज लोधी ने बताया कि 27 फरवरी से टोल हटाने की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता लंबे समय से टोल हटाने की मांग कर रही है और जब तक समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री नफीस, मंडल प्रभारी मुरादाबाद सचिन धारीवाल, भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र चौधरी, जाट महासभा तहसील अध्यक्ष हर्षण प्रजापति, प्रजापति संघ के जय सिंह राणा, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट बबलू सहगल, अर्जुन, अतुल, मोहित प्रजापति सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मरहूम शायर ताहिर फराज की याद में होने वाले मुशायरे की तैयारियां शुरू

## आप नेता फैसल खां लाला ने मुकामी उस्ताद शायरों से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर में अदब और शायरी की रिवायत को नई मजबूती देने के लिए मरहूम ताहिर फराज साहब की याद में एक भव्य मुशायरे के आयोजन की तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। इस सिलसिले में शहर के मशहूर शायर अजहर इनायती, शकील गौस और जिया इनायती के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक के बाद आप नेता एवं तालीम तरबियत वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन फैसल खां लाला ने कहा कि मरहूम ताहिर फराज साहब सिर्फ एक शायर नहीं, बल्कि रामपुर की अदबी पहचान थे। उनकी याद में आयोजित होने वाला यह मुशायरा शहर की तहजीबी विरासत को सलाम करने की एक सच्ची को. शिश है।



उन्होंने कहा कि तालीम तरबियत वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से यह अदबी पहल रामपुर की रूहानी शायरी को फिर से महकाने का जरिया बनेगी। देश के मशहूर शायरों को आमंत्रित किया जाएगा और नई नस्ल को अदब से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जाएगा।

# जातव जाति विशेष की भावनाओं को आहत करने वालों पर कार्रवाई हो

## एक दैनिक समाचार पत्र के खिलाफ जातव महासभा ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अखिल भारतीय जातव महासभा के पदाधिकारियों ने एक दैनिक समाचार पत्र के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि समाचार पत्र में छपे एक वक्तव्य से जातव समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। लिहाजा समाचार पत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बुधवार को अखिल भारतीय जातव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि एक दैनिक समाचार पत्र में जातव समाज पर एक टिप्पणी प्रकाशित की गई है। इस टिप्पणी से समाज के लोग आहत हैं। समाचार पत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि यह टिप्पणी मिलक सीओ ने की थी। समाचार पत्र ने खुलकर क्षेत्राधिकारी मिलक की बातों का समर्थन किया है। जबकि कोर्ट की गाइड लाइन है कि ऐसी किसी भी बातों को प्रकाशित न किया जाए तो किसी जाति विशेष की भावनाओं को आहत करती हो। इस टिप्पणी से जातव समाज आहत और आक्रोशित है। उन्होंने समाचार पत्र से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर अमन सागर, अजय, राजू, रोहताश, दिनेश, विनय, अमित और सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** थाना अजीमनगर क्षेत्र के डोकपुरी टांडा गांव में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। मामूली कहा. सुनी के बाद पड़ोसियों द्वारा पति-पत्नी के साथ कथित रूप से बेरहमी से मारपीट की गई, जिसका किसी ग्रामीण ने चल-चित्र बनाकर प्रसारित कर दिया। घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मारूफ और उसकी पत्नी का पड़ोसियों से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों व हाथ-पैरों से दोनों की पिटाई कर दी। घटना के दौरान मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे।

पीड़ित मारूफ का कहना है कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर पुलिस ने पहले उसे ही बैठा लिया, बाद में लिखित प्रार्थना-पत्र लेकर जांच शुरू की गई। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों का क्षेत्र में प्रभाव है, जिससे न्याय मिलने में कठिनाई हो रही है।

पीड़ित ने समाचार माध्यमों के जरिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है और प्रसारित चल-चित्र के आधार पर आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

वहीं पुलिस का कहना है कि प्रार्थना-पत्र प्राप्त कर लिया गया है। प्रसारित चल-चित्र का परीक्षण कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# टीईटी के विरोध में आज भी काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

## कल जिला बेसिक कार्यालय पर धरना देकर निकालेंगे पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर जिलेभर के शिक्षकों ने बुधवार को भी टीईटी का विरोध किया। विरोध स्वरूप शिक्षकों ने आज भी हाथों पर काली पट्ष्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। गुरुवार को जिले भर के शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसके बाद पैदल मार्च निकालकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे।

टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) कक्षा 1 से 8 तक सरकारी शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य अर्हता परीक्षा है। यह परीक्षा बाल विकास और शिक्षण कौशल का आंकलन करती है। इसका विरोध मुख्य रूप से सेवारत (पहले से नियुक्त) शिक्षक कर रहे हैं। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 से सभी शिक्षकों के लिए इसे अनिवार्य कर दिया है। जिससे वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षकों को नौकरी पर खतरा और अनुभव की अनदेखी का डर सता रहा है। जिस कारण पहले से कार्यरत शिक्षक इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। कई बार विरोध प्रदर्शन के बाद भी हल न निकलने पर अब सभी शिक्षक संघ एक मंच पर आ गए हैं। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत 22 फरवरी को ट्विटर अभियान चलाया गया था। इसके बाद से शिक्षक हाथों पर काली पट्ष्टी बांधकर विरोध स्वरूप शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को भी शिक्षकों ने काली पट्ष्टी बांधकर बच्चों को पढ़ाया। विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा। फिर डीएम के माध्यम से अनिवार्यता खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।




# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले में मानवाधिकार आयोग में केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज मुकदमे को राजनीति से प्रेरित बताते हुए डीके फाउंडेशन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया है। आयोग ने शिकायत दर्ज कर मामले को संज्ञान में ले लिया है।डीके फाउंडेशन की ओर से मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराए गए केस में कहा गया है कि स्वामी जी पर मुकदमा राजनीति से प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण हैं। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। फाउंडेशन ने यूपी सरकार पर अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल करने का लगाया है। इसमें डीजीपी व प्रदेश सरकार को पक्षकार बनाया गया है। फाउंडेशन के नोडल अधिकारी महेंद्र राजपूत के अनुसार मामले में राज्य सरकार और डीजीपी से विस्तृत रिपोर्ट मांगने का अनुरोध किया है।

# आजम-अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में सुनवाई टली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की अपील पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई छह मार्च को होगी। सपा नेता अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात साल की कैद व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से सजा के खिलाफ और अभियोजन की ओर से सजा बढ़ाए जाने को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी,लेकिन बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। एडीजीसी सीमा राणा के अनुसार पैन कार्ड मामले में अब छह मार्च को सुनवाई होगी।

# दहेज उत्पीड़न में ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के बुलंद दरवाजा निवासी शोभा की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार करीब चार साल पहले उसका विवाह बुलंद दरवाजा निवासी हरीश पाल के साथ हुआ था। हरीश लुधियाना के एक वाइन शाप में सेल्समैन है। विवाह के वक्त मायके वालों ने पर्याप्त दहेज दिया था। इसके बाद भी मायके वाले पांच लाख रुपये और घरेलू सामान की अतिरिक्त मांग करने लगे। शोभा के अनुसार मायके वालों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उसने इंकार किया तो उन्होंने उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उनके सामने भी ससुरालियों ने उसे पीटा। विरोध करने पर भाई-भाभी के साथ भी मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। सिविल लाइंस कोतवाल ओमकार सिंह के अनुसार पीड़िता की तहरीर पर सिविल लाइंस कोतवाली में पति हरीश पाल, सास रानी देवी, ससुर राजेश कुमार समेत हरीओम उर्फ टिंकू, ललित उर्फ राजू, सुमन और सोने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रामपुर के मिलक क्षेत्र में मस्जिद पुनर्निर्माण को लेकर विवाद, पुलिस कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिलक थाना क्षेत्र के निसवी गांव में पुरानी मस्जिद के पुनर्निर्माण को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। निर्माण कार्य के क्षेत्रफल और मीनार निर्माण पर आपत्ति जताते हुए एक पक्ष के लोगों ने कोतवाली में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान एक युवक ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया, जिसके बाद मामला और गरमा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सिपाही अंकित कुमार को निलंबित कर दिया, जबकि दरा. ेगा सचिन को लाइन हाजिर कर दिया गया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य को पूर्व निर्धारित क्षेत्रफल तक सीमित रखने की मांग की है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है और अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# ब्रजघाट में गंगास्नान के दौरान संयुक्त निदेशक बच्चू सिंह का निधन, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/रामपुर।** ब्रजघाट पर बुधवार सुबह गंगास्नान के दौरान रामपुर में तैनात संयुक्त निदेशक बच्चू सिंह (52) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पुलिस उन्हें आनन-फानन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बच्चू सिंह मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग रामपुर में एक नवंबर 2023 से संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। मूल रूप से अलीगढ़ जनपद के निवासी और पीसीएस अधिकारी बच्चू सिंह कई वर्षों से प्रयागराज में परिवार के साथ रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।


बच्चू सिंह

**पत्नी को किया था फोन**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्नान के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी तो उन्होंने पत्नी को फोन कर सूचना दी। इसके बाद मुरादाबाद में तैनात उनके सुरक्षाकर्मी ने ब्रजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत को जानकारी दी। चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और सीपीआर देकर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। सूचना मिलते ही परिवार के लोग प्रयागराज से हापुड़ पहुंच गए।

**कैसे पहुंचे ब्रजघाट, जांच जारी**

विभाग में उनके निधन की खबर से शोक की लहर है। कर्मचारियों के अनुसार वह प्रायः स्टेशन तक कर्मचारी के साथ जाते थे, लेकिन मंगलवार रात वह बिना बताए निकल गए थे। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह किन परिस्थितियों में ब्रजघाट पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# खुद को असुरक्षित न समझें पुलिस आपके साथ है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को फिर जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया। समझाया कि किसी भी विषम परिस्थिति में खुद को असुरक्षित न समझें। ऐसी हालत में आप पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन से पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच की शुरुआत की गई। जिसके तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनके अधिकार और कानून की जानकारी दी जा रही है। इसी के तहत रोजाना रामपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर महिला पुलिस कर्मी गोष्ठी करके जागरुकता अभियान चला रही हैं। इसके अलावा मामूली विवाद में टूटने की कगार पर पहुंच चुके पति-पत्नी के रिश्तों को भी सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को फिर पुलिस ने स्कूल-कालेज, सार्वजनिक स्थल और बाजारों में जागरुकता अभियान चलाया। पुलिस ने महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय और कानूनी अधिकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों को भी साझा किया। बताया कि किस परिस्थिति में किस नंबर पर संपर्क कर पुलिस की सहायता ली जा सकती है। वहीं गोष्ठी में महिलाओं और बालि. काओं द्वारा पुलिस ने पूछे गए सुरक्षा संबंधी सवालों के जवाब भी दिए। सभी को पंपलेट्स व कामिक्स का वितरण किया गया।

# लोहिया पार्क ज्वाला नगर में कथा से पूर्व भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली नानी बाई का मायरा ख्र नरसी का भात कथा से पूर्व बुधवार को लोहिया पार्क, ज्वाला नगर में विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। पूजन पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने संपन्न कराया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, संयोजक विनोद कुमार श्रीवास्तव (एडवोकेट), सभासद अवधेश शर्मा, नरेश चंद शर्मा तथा उमाशंकर प्रजापति सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि कथा कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।



# विकास कार्य ठप सभासद ने की पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद ।** वार्ड 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए वार्ड में विकास कार्य न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार होने से वे पूरा समय नहीं दे पा रहे, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वार्ड के मोहल्ला बेदान में टूटी पुलिया, नाले और सड़कों की हालत खराब बताई गई है। सभासद ने शाहबाद में पूर्णकालिक अधिशासी अधिकारी की तैनाती की मांग की है।



# लोक निर्माण विभाग कार्यालय में हंगामा, जेई से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड कार्यालय में बुधवार दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक ग्राम प्रधान और उसके साथी ने अवर अभियंता (जेई) से कथित रूप से अभद्रता करते हुए उनका गिरेबान पकड़ लिया और धक्का-मुक्की की। आरोप है कि इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। अवर अभियंता सरोज कुमार वर्मा के अनुसार, वह कार्यालय में बैठे थे तभी ग्राम प्रधान मंडैया कली गांव में बन रही सड़क को अपने अनुसार डलवाने की बात को लेकर पहुंचे। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। जेई का आरा. ेप है कि प्रधान और उसके साथी ने फाइलें फाड़ दीं, गाली-गलौज की और गिरेबान पकड़ लिया। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी पहुंचे तो आरोपी वहां से चले गए। घटना के विरोध में कर्मचारियों ने कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधीक्षण अभियंता से मिलकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रधान अजय कुमार कश्यप और संदीप ठाकुर के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



## संवेदनशील प्रशासन, दिव्यांग फरियादी को मिला रोजगार

# जनता दर्शन बना राहत का माध्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं मानवीय समाधान के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित की। जनता दर्शन के दौरान जौहर कॉलोनी, सिविल लाइन निवासी दिव्यांग फरियादी शब्बीर अहलाद जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने अवगत कराया कि स्वयं दिव्यांग होने के कारण उन्हें अब तक कोई स्थायी रोजगार प्राप्त नहीं हो सका, जिससे परिवार के भरण-पोषण में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



फरियादी की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्री दुर्गेश्वर त्रिपाठी से दूरभाष पर वार्ता की तथा फरियादी को शीघ्र आजीविका उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी द्वारा श्री शब्बीर को नगर क्षेत्र में ही संविदा के आधार पर ट्यूबवेल पंप ऑपरेटर के पद पर नियुक्त किया गया, जिससे न केवल उन्हें तत्काल रोजगार प्राप्त हुआ बल्कि उनके परिवार को भी आर्थिक संबल मिला।

